में पांच मन आलू हुआ तो उसका दाम 100 रु० हुआ । पैदा करने का खर्च 137 रु० प्रति कट्ठा होता है । जितनी चर्चा की गई है, उन तमाम बातों को मिला दिया जाए तो उनको एक कट्ठा ज़मीन पर 35 से 37 रु० का नुकसान उठाना पड़ता है । जाहिर बात है, यदि दो-चार रु० की बात होती तो वह सीने पर पत्थर रखकर बर्दाश्त कर लेता । लेकिन क्या किसान इस तरह के बोझ को बर्दाश्त कर सकता है, मेरे विचार में वह नहीं कर सकता है । आप लाभकारी मूल्य तय नहीं करेंगे, आप कहते हैं कि नाफैड के जरिए और एन० सी० सी० एफ० के जरिए खरीद कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश के सहकारी संघ ऐसा कर रहे हैं । इसको करिए और आलू भेजने के लिए आप वैगन का भी इन्तजाम कर रहे हैं, लेकिन जब तक आप आलू की कीमत तय नहीं करेंगे, तब तक उनको दिक्कत होगी । यह भी बताया गया है कि आलू की खपत हो सकती है, यदि आपका बाज़ार ठीक हो । हमारे देश में 52 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा के नीचे रहते हैं, क्या वे सचमुच में आलू को खरीद सकते हैं ? नहीं खरीद सकते हैं । बहुत बड़ी संख्या में जो हमारे खेत मज़दूर हैं, जिनको पांच या साढ़े पांच रुपये भी मज़दूरी नहीं मिलती है, क्या वह आलू खरीद सकता है ? इसीलिए क्रय-शक्ति का सवाल ठीक ही उठाया गया कि सरकार को क्रयशक्ति की तरफ भी ध्यान देना चाहिए । ट्रांसपोर्ट का इन्तजाम करना चाहिए, कोल्ड स्टोरेज का इन्तजाम होना चाहिए । कोल्ड स्टोरेज में भी एक नई बात होती है । जब ये लोग कोल्ड स्टोरेज में जाते हैं, तो उनको तरह तरह से परेशान किया जाता है और उनसे ज्यादा चार्ज लिया जाता है । चार्जेज़ का भी सवाल है, उसकी कोई सीमा नहीं है । राज्य सरकारें कुछ फिक्स करती हैं, लेकिन लोग उसको नहीं मानते हैं । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि कोल्ड स्टोरेज बड़े पैमाने पर बनाइए और सरकार को स्वयं कोल्ड स्टोरेज बनाने की तरफ ध्यान देना चाहिए ताकि किसान अपने आलू को बुरे दिन के लिए रख सके और उसको ज्यादा से ज्यादा दाम मिल सके । अभी पैदावार ज्यादा हुई, मार्केट में आया और खरीदने वाले नहीं है । आपने सुना होगा आलू 2.50 रु० किलो तक बिकता है, लेकिन कभी भी 70–80 पैसे तक नहीं हुआ । सारा फायदा मिडिल मन ले जाते हैं, इसलिए उनका भी दुरुस्त करना होगा । क्रयशक्ति भी देनी होगी, कोल्ड स्टोरेज का भी इन्तजाम करना होगा, कोल्ड स्टोरेज में रखने के लिए चार्जेज़ भी रिजनेबिल होने चाहिए । ये सारी बातें हैं, जिनका कि हल निकालना होगा ।

आलू इतनी स्वादिष्ट तरकारी है कि हिन्दुस्तान भर में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में इसका प्रयोग किया जाता है । नाना-प्रकार के व्यंजन बनाए जा सकते हैं । आलू का भुरता भी बनता है, भुजिया भी बनती है और चीप्स भी बनती है, पापड़ भी बनता है, तिलोरी भी बनती है ।

**कृषि तथा ग्रामीण विकास तथा नागरिक पूर्ति मंत्री** (राव बीरेन्द्र सिंह) : इनके मुंह में पानी आ रहा है ।

**श्री रामावतार शास्त्री** : दण्डवते जी ने पोलैण्ड में इण्डस्ट्री एल्कोहल का जिक्र किया । मैं यह भी बता दूं कि वे वोडका भी बनाने वाले हैं । मैं तो पीता नहीं हूं, लेकिन पीने वाले पीयेंगे, क्योंकि हर जगह प्रोहिबिशन तो किया नहीं है ....

प्रो० **मधु दंडवते** : बिना पीए ही यह हालत है ।

**श्री रामावतार शास्त्री** : इस लिए मैं कह रहा हूं कि किसानों को आलू के लाभकारी मूल्य देने के साथ बहुत सारे सवाल जुड़े हुए हैं जिन का हल निकालना होगा। अगर आप ने उनका हल निकाल लिया तो आलू का उत्पादन बढ़ेगा, तमाम चीजों का उत्पादन बढ़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और आलू मिट्टी के मोल बिका, सड़ गया, तो जाहिर बात है कि आलू की खेती पर असर पड़ेगा। वह असर न पड़े, इस लिए सरकार को समय रहते चेत जाना है, चौकन्ना हो जाना है, सावधान हो जाना है और आलू बोने वाले किसानों की पूरी मदद करनी है ताकि उन्हें मुनासिब कीमत मिल सके।

MR. DEPUTY SPEAKER: If every one of the Hon. Members takes 4 to 5 minutes, then, the Minister can reply. I would ask the Hon. Minister to reply at 7 O'Clock. Every Hon. Member may, therefore, take 5 minutes each.

**श्री दिलीप सिंह भूरिया** (झाबुआ) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रो० दण्डवते को धन्यवाद देता हूं, वे किसानों की एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या सदन के सामने लाये हैं।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय इस सदन में इस तरह की बहस की आवश्यकता क्यों पड़ी? हमारे देश के अन्दर 80 प्रतिशत लोग किसान हैं। जिस किसान ने भारत को इतना बढ़िया बनाया कि जब यहां 36 करोड़ लोग थे तब भी भारत का किसान उन को खिलाता था और आज जब 70 करोड़ लोग यहां हैं, तब भी भारत का किसान उन को खिलाता है, लेकिन उस किसान के लिए हमारे पास कोई योजना नहीं है। वह खेती में मेहनत करता है, उस की पत्नि मेहनत करती है, उस के बच्चे मेहनत करते हैं, तमाम लोगों के मेहनत करने के बाद भी आज किसान वहीं का वहीं है जहां पहले था। अगर वह ज्यादा पैदा करता है तो उस को उस को पैदावार का भाव कम मिलता है। उद्योग में यदि ज्यादा पैदा हो जाय तो उस के लिए बोनस मिलता है, डिविडेण्ट मिलता है, दूसरी बहुत सारी चीजें मिलती हैं, लेकिन किसान ज्यादा पैदा करता है, चाहे गन्ना हो, गेहूं हो, आलू हो, वह परेशानी में फंस जाता है। जनता रिजीम में किसानों को अपना पूरे-का-पूरा गन्ना जला देना पड़ा। यही स्थिति कहीं गेहूं के लिए पैदा न हो जाय, इस लिए मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं—इस देश के किसानों के लिए क्या शासन ने कोई योजना बनाई है? मैं कुछ दिन पहले जापान गया था, मैंने वहां देखा कि किसानों के लिए बहुत बढ़िया योजना थी। वह किसानों से मंहगे दामों पर खरीदते हैं और कन्ज्यूमर को सस्ते दामों पर देते हैं—जो लोग बीच का मार्जिन खा जाते थे उस का लाभ किसानों और कन्ज्यूमर दोनों को दिया जाता है। किसान को पहले से पता होता है कि मेरा आलू इस भाव बिकेगा, मेरा गेहूं इस भाव बिकेगा, गन्ना इस भाव बिकेगा कम से कम इस प्रकार की योजना यहां भी किसानों के लिए होनी चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि जब कोई समस्या खड़ी हो तो इस हाउस में हम बहस कर लें, इस से किसानों की समस्या का हल होने वाला नहीं है। सरकार को कोई निश्चित योजना बनानी होगी, किसानों को विश्वास में लेना होगा तथा उस के सहयोग से समस्या का समाधान करना होगा।

मैं एक बात और बतलाता हूं—यदि हम कोई टेक्नीकल चीज बनाते हैं तो उसको जापान, अमरीका या इंग्लैंड पहले से ले आते हैं और उस में जबरदस्त कम्पीटीशन का सामना करना पड़ता है। यदि हम देश की तरक्की करना

चाहते हैं तो हमें अपने यहां एग्रो-बेस्ड इण्डस्ट्रीज पर ध्यान देना होगा। जो पट्रो-डालर कन्ट्रीज हैं, अरब कन्ट्रीज हैं, उन को हम अपना अनाज सप्लाई कर के रुपया कमा सकते हैं और अपने देश की इकानमी को ठीक कर सकते हैं। इस लिए एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब से मेरी प्रार्थना है कि हमारे किसानों के लिए आप कोई निश्चित, योजना बनाइये, चाहे यह आलू की हो गेहूं की हो, टिमाटर की हो या किसी अन्य सब्जी की हो ताकि उसका लाभ किसानों को मिल सके।

दूसरी बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे यहां जितने कोल्ड-स्टोरेज हैं उनको कौन बनाता है। जो ब्लैक-मार्केटियर्स हैं, जो काला-बाजारी करने वाले हैं वे कोल्ड स्टोरेज बना कर रखते हैं और जिस वक्त माल ज्यादा पैदा होता है और किसान उस को कोल्ड स्टोरेज में रखने के लिए लाता है तो वे जगह न होने के नाम पर इन्कार कर देता है। नतीजा यह होता है कि किसान को अपना माल सड़ने से बचाने के लिए सस्ते दामों पर बेचना पड़ता है। आप मेहरबानी कर के कम से कम एक इन्तजाम कीजिए—किसानों को कोल्ड-स्टोरेज का भागीदार बनाइये। कोआपरेटिव के आधार पर कोल्ड स्टोरेज बनाये जायें जिस का मालिक किसान हो, उस का लड़का वहां नौकर हो, तब कोल्ड स्टोरेज सक्सेसफुल हो सकते हैं। यदि दूसरे आदमियों को दिया जाएगा तो किसानों का आलू सस्ता बिकेगा, उसको अपनी उपज का सही दाम नहीं मिलेगा। चाहे डेअरी हो, तिलहन हो, सोयाबीन हो इस सब पर आधारित जितनी एग्रो-बेस्ड इण्डस्ट्रीज हैं उस में यदि किसान भागीदार होगा तो उस को उचित दाम मिलेगा साथ ही जनता को सही दामों पर वे चीजें मिल सकेंगी।

मैं चाहूंगा कि मंत्री जो कोई इस प्रकार की योजना किसानों को कांफीडेंस में लेकर बनाएं, जिस से उन को आलू का अच्छा मूल्य मिल सके। हमारे देश की नेता श्रीमती इंदिरा गांधी ने जो 20 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की है, उस में रूरल डेवलपमेंट की बात भी है। मैं चाहता हूं कि सरकार किसानों को साथ में लेकर इस देश में विकास की गति को आगे बढ़ाये। यह सारा हाउस जानता है, यह सरकार जानती है और यह देश जानता है कि देश के अन्दर जो 68 करोड़ के लगभग आबादी है, उसको हमारा किसान ही खिला रहा है। इस लिए हमें चाहिए कि हम उनकी भलाई के लिए योजना बनाएं। हम, यह सदन, यह पार्लियामेंट और यह देश उस को लाभ पहुंचाने के लिए कोई योजना बनाए। हमारे मंत्री जी खुद किसान हैं और वे इस बात को जानते हैं कि किसानों की क्या-क्या परेशानियां हैं। उन की परेशानियों को दूर किया जाए ताकि हमारा देश तेजी से विकास कर सके।

मैं इतना ही कहना चाहता हूं और आप ने जो मुझे बोलने के लिए समय दिया है, उस के लिए मैं आप को धन्यवाद देता हूं।

**श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा** (कोडरमा): उपाध्यक्ष महोदय, आज इस उत्पादकता वर्ष के परिपेक्ष्य में माननीय दंडवते जी ने कृषि उत्पादन के एक बहुत महत्वपूर्ण उत्पादन 'आलू' के उचित मूल्य निर्धारण हेतु जो प्रश्न उठाया है, वह वस्तुतः देश की परिस्थिति के अनुसार एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है। यह एक व्यवसायिक कृषि उत्पादन है और इसके लिए जो राष्ट्रीय आलू अनुसंधान संस्थान बनाया गया है, लगता ऐसा है कि इस अनुसंधान संस्थान से आज तक कोई नतीजा नहीं निकला है।.... (**व्यवधान**)

**राव बीरेन्द्र सिंह** : यह इतनी पैदावार ऐसे ही बढ़ गई है?

**श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा** : वह तो किसान बढ़ा रहे हैं। .... (**व्यवधान**) किसानो की ओर जितना ध्यान आप को देना चाहिए, उतना नहीं दिया जा रहा है वरना संसद में जो यह बात उठानी पड़ रही है, वह न उठानी पड़ती।

मैं यह कह रहा था कि आलू को देश में सब्जियों का राजा कहलाता है और हर मौसम में इसका उपयोग किया जा सकता है, तो उस के लिए किसानों को जो उचित मूल्य मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। आलू का संरक्षण वैज्ञानिक ढंग से नहीं हो रहा है, जिस से इस को सड़ने से बचाया जा सके। इस ओर भी ध्यान देना चाहिए और अनुसंधान करने वालों को कोई ऐसा घोल बनाना चाहिए, ऐसा अनुसंधान करना चाहिए जिस से अगर आलू को उस में डुबो दिया जाए तो वह सड़े नहीं और उस घोल के द्वारा आलू के सड़ने का जो समय होता है, उस को बहुत बढ़ाया जा सके। इस देश में ऐसा अनुसंधान होना चाहिए था। अगर आलू का संरक्षण हम अधिक दिन तक कर सकें तो इस का मूल्य घटने की बजाए बढ़ सकता है। इस लिए इस दिशा में और वैज्ञानिक अनुसंधान करने की आवश्यकता है, चिन्तन-मनन करने की आवश्यकता है ताकि किसानों को उन के आलू का उचित मूल्य मिल सके। आज तो किसानों को यह भय रहता है, वे आतंकित रहते हैं कि मेरा आलू सड़ जाएगा और उस हालत में जो दूसरे लोग होते हैं, जो बिचौलिए होते हैं, उन को बहुत ज्यादा लाभ हो जाता है। बिचौलिए आढत में न्यूनतम मूल्य पर आलू को खरीद लेते हैं और फिर उपभोक्ताओं को अधिकतम मूल्य पर बेचते हैं। इस के लिए सरकार काम कर सकती है और सरकार का काम यह भी है कि वह किसानों को संरक्षण दे। यह उस का दायित्व है। इसलिए इस दिशा में बहुत गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है।

मैं दो-तीन सुझाव देना चाहता हूं। पहला तो यह है कि आलू के लिए एक घोल बनाया जाए, जिस से आलू जल्दी न सड़े। इस के अलावा जो आलू उत्पादक एरिया है, उस का सर्वेक्षण होना चाहिए और किस तरह से किसानों के आलू को संरक्षण देने के लिए क्या क्या सुविधाएं दी जाएं उन की व्यवस्था होनी चाहिए। इस के अलावा कोल्ड-स्टोरेज की भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। फिर कृषि बाजार समितियां हैं। उनका यह दायित्व होना चाहिए कि वे सारा आलू खरीदें और खरीद कर नफेड और एन० सी० सी० एफ० जैसी संस्थाओं को दे। इस से भी हमें किसानों को उचित कृषि मूल्य दिलाने और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर खाद्य वस्तुएं सप्लाई करने में मदद मिल सकती है। जिस क्षेत्र में आलू पैदा नहीं होता है उस क्षेत्र में आलू भेजने में भी ये संस्थाएं उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। इस से बिचौलिए जो अनुचित लाभ उठाते है वे भी यह नहीं उठा सकेंगे।

जैसा हमारे शास्त्री जी ने बताया कि हमारे कृषि मूल्य आयोग में आई० ए० एस० अफसर हैं, उस में हमारे किसानों के और खेतिहर मजदूरों के प्रतिनिधियों को भी शामिल करना चाहिए ताकि किसानों को मालूम हो सके कि उनकी उपज का सही मूल्य क्या है और उन्हें उचित मूल्य अपनी उपज का मिल सके।

आलू से अबीर गुलाल की तरह का रंग भी बनाया जा सकता है। आलू गाजर और शकरकंद को सुखा कर इनका पाउडर बनाया जा सकता है। यह पाउडर स्थायी रह सकता है और इससे पौष्टिक आहार बनाया जा सकता है। इसका बहुत बड़ा प्लांट चल सकता है। अगर सरकार इस पर अनुसंधान करे तो व्यापक पैमाने पर आलू की उपयोगिता बढ़ सकती है। इस तरह से हम इसका एक्सपोर्ट कर के विदेशीमुद्रा भी अर्जित कर सकते हैं।

इन सारी दिशाओं में विचार कर के सरकार को किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए कदम उठाने चाहिए।

श्री **कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी** (शिमला): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आज सारे देश के आलू उत्पादन करने वाले लोगों की ओर इस सदन का ध्यान आकर्षित कराया गया है, मैं इसके लिए सारे सदस्यगण को बधाई देता हूं।

मैं बताना चाहता हूं कि किसानों को आज आलू के जो दाम मिल रहे हैं, वे बहुत कम हैं। सारे हिन्दुस्तान के किसानों की समस्या एक जैसी है। किसान देहातों में रहता है। वह बड़ी मुश्किल से दूरदराज के इलाकों में आलू पैदा कर के अपनी उदरपूर्ति करता है और कुछ कमाने की सोचता है। उसको उसकी उपज के कुछ दाम नहीं मिलते हैं। जब से यह सरकार आयी है, हमारे कृषि मंत्री राव वीरेन्द्र सिंह जी ने कम से कम 50, 60 पैसे किलो आलू के दाम रखे हैं। मुझे मालूम है कि पिछली सरकार के जमाने में 1977–78 में हिमाचल प्रदेश में आलू इतना सड़ गया था कि कोई भी उसे मुफ्त लेने के लिए भी तैयार नहीं था।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरा क्षेत्र कालका से लेकर तिब्बत के बार्डर तक लगता है। उस इलाके में मैक्सिमम आलू पैदा किया जाता है। वहां से बीज का आलू सारे हिन्दुस्तान में सप्लाई होता है। लेकिन वहां की हालत क्या है? वहां रेलवे लाईन शिमला तक है। उस से आगे बसों या ट्रकों से जाना-आना पड़ता है। जो पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग हैं और जो आलू पैदा करते हैं वे इस 50 पैसे के दाम को फ्री समझ रहे हैं। इस से वहां की हालत नहीं सुधर सकती है।

मैं यू. एस. एस. आर. गया था मैंने वहां पर देखा कि वहां पर आलू से वोदका बनाने के बड़े बड़े कारखाने हैं। हमारे हिन्दुस्तान में भी अगर ऐसे कारखाने खड़े किए जाएं तो आलू पैदा करने वालों की हालत सुधर सकती है। अगर नसबंदी की वजह से हिन्दुस्तान में उसका उपयोग नहीं करना चाहें तो कम से कम एक्सपोर्ट के लिए तो कारखाने खड़े कर सकते हैं। इस से किसानों को भी सही दाम मिलेंगे।

आप सुन कर हैरान होंगे कि आज आलू 50–60 रुपये क्विंटल बिक रहा है। वहां पर कोआप्रिटिव सोसायटीज अधिक माल नहीं खरीद सकती हैं। जो दुकानदार और बिजनसमैन लोग हैं वे किसानों का शोषण करते हैं। जब तक हम इस प्रथा को समाप्त नहीं करते तब तक ये बड़े बड़े पूंजीपति किसानों का शोषण करते रहेंगे क्योंकि किसानों को उन पर निर्भर रहना पड़ेगा। आज सारे हिन्दुस्तान में आलू खराब होने जा रहा है। हमारे यहां लाहौलस्पिति का क्षेत्र है, उस समय राव वीरेन्द्र सिंह जी मंत्री थे, मुख्य मंत्री भी रहे, आपको पता है। आज वह क्षेत्र हिमाचल में चला गया है। इसी प्रकार किनौर का क्षेत्र

[श्री कृष्ण दत्त सुल्तान पुरी]

है। यहां पर आलू पैदा करने वालों लोग पिस रहे हैं। हमारी हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। इसलिए हम आप से प्रार्थना करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाए ताकि यह देश आगे बढ़ सके।

पहले हिमाचल देश में अफीम पैदा होती थी। आप लाइब्रेरी से गजेटियर उठा कर देख लोजिए। उस वक्त अफीम की बड़ी अच्छी पैदावार होती थी, कोई कीड़ा नहीं लगता था, लेकिन अब वह बंद कर दी गई है। अब आलू की पैदावार होने लगी है तो कीड़े लगने भी शुरू हो गए हैं।

इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए कोल्ड स्टोरेज की ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराइये और जो कैरिज है उसके लिए सब्सिडी दीजिए। ब्लैक मार्केटियर्स पर रोक लगाइये, इनकी वजह से गरीब किसान को कुछ नहीं मिलता।

इन सारी बातों की तरफ तवज्जह देने की जरूरत है और मुझे आशा है कि अगली बार किसान अधिक प्रसन्न नजर आएगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are two or three more Members who want to speak. They will have two to three minutes. This time we are following a new procedure. The Minister need not reply to the points made by those Members who have spoken and gone away. He must reply to those who remain present here.

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** (आंवला) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, खेती की हर पैदावार की जो दुर्दशा होती है, वही दुर्दशा आज आलू की हो रही है। हो सकता है इस समय बहुत से प्रदेशों में आलू 3540 और 50 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा हो, लेकिन मैं बदायुं, बरेली, फरुखाबाद, शाहजहांपुर जिलों की बात करता हूं वहां पर अच्छे से अच्छा आलू जो एक किलो में 3–4 चढ़ते हैं 20 रूपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। छोटे आलू की कीमत 12, 15 रुपये प्रति क्विंटल है।

मैंने पहले भी जिक्र किया था पिछले दिनों जिस पर मंत्री जी को विश्वास नहीं हुआ था कि गन्ने की कीमत बदायूं जिले में क्रेशरों पर 10 रुपये प्रति क्विंटल चल रही है और अब जब से ट्रकों की हड़ताल शुरू हुई है तब से 6–8 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना खरीदा जा रहा है।

आलू या और जितनी भी पैदावारें हैं, इनके बारे में हमें दो नीतियां तय कर लेनी चाहिएं। एक तो वर्तमान में कैसे मूल्य नियंत्रित किया जाए और दूसरी नीति आगे आने वाली फसलों के लिए तय कर लेनी चाहिए। इस समय मौजूदा फसल की किसान को किस तरह से उचित कीमत मिल सके, उसके लिए सोचना चाहिए। अगर इस बारे में ध्यान नहीं दिया गया तो किसान ने आलू की फसल पर जो कर्जा लिया है, उससे वह नहीं निपट पाएगा। कोल्ड स्टोरेज की क्षमता को बढ़वाइये और इन पर नियंत्रण भी रखिये। कई जगह कोल्ड स्टोरेज पर कह दिया जाता है कि जगह नहीं है तो किसान किसी भी कीमत पर आलू देने के लिए तैयार हो जाता है। किसान सोचता है कि अब इसको कहां ले जाएं उसकी ढुलाई पर इतना खर्च होता है। दूसरा जहां पर आलू की पैदावार ज्यादा है वहां पर

इससे संबंधित इंडस्ट्रीज की व्यवस्था कीजिए। विदेशों में आलू तथा आलू से बनी चीजों की बड़ी मांग है। विदेशों को निर्यात करने की बात भी आपको सोचनी चाहिए आलू की फसल जब आने वाली-होती है तो गेहूं की फसल की वह चेतावनी देती है। आपको चाहिए कि गेहूं की फसल के भी मूल्य आप सही तय करें और किसान को दें। आपने ऐसा नहीं किया तो रबी का जब अनाज आएगा तो उस में आपको बड़ी दिक्कत होगी। तिलहन, सरसों लाही की फसल भी बरबाद हुई है। बहुत से क्षेत्रों में चने की फसल तो नाम मात्र के लिए ही है। मटर की फसल बरबाद हो गई है। थोड़ा बहुत गेहूं ही बचा है। जब बाहर पानी बरस रहा था तो इसका श्रेय यहां पर इंदिरा जी को दिया गया जब ओला बरसा तो दोष भगवान को देना शुरु कर दिया गया। आलू की फसल बहुत ज्यादा हुई है तो इसका श्रेय आप ले रहे हैं और इसको खरीदने के लिए तैयार नहीं है और जब आबादीबढ़ रही है तो——

**राव बीरेन्द्र सिंह** : बुरी नजर लग रही है किसी की।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** : नजर आपकी लगी है और कीमतें इधर से उधर हो गई हैं। मूल्य सही आप किसान को दिलाने का प्रबन्ध करें। मैं तो यह मांग करुंगा कि किसान को जो मूल्य मिलता है और वह चीज जब बाजार में आ कर बिकती है तो दोनों कीमतों में अभी भी बीस प्रतिशत से ज्यादा का अन्तर नहीं होना चाहिए। इस से किसान का शोषण नहीं हो सकेगा, वह बच सकेगा। कोई भी सरकार हो उसको इस लक्ष्य को अपने सामने रखना चाहिए और इस दिशा में कदम उठाने चाहिए ताकि किसान का शोषण न हो सके।

इन शब्दों के साथ माननीय दंडवते जी ने जो प्रस्ताव रखा है उस के लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। उन्होंने सरकार का तथा देश का ध्यान इस ओर दिला कर एक बहुत बड़ा काम किया है।

SHRI NITYANANDA MISRA (Bolangir): Mr. Deputy Speaker, Sir, this is really a very interesting subject. Unfortunately in this country, the potato growers do not get remunerative price for the potato that they produce. I feel that it is a crop of the future. That is because, it is the only crop which can meet the food requirements of a country whose population is very high. Our density of population is very high. In the European countries they do not depend upon rice or wheat to meet their requirements. They depend upon potatoes. It will be of absorbing interest for the hon. Minister of Agriculture to know that while we get 7 quintals of rice from one acre of land, we get nearly 60 quintals potatoes from the same one acre. With the latest improved agricultural methods and practices and high-yielding varieties we can get even 150 to 200 quintals per acre. So, it is a crop of the future. But unfortunately quite often the price that they get do not meet the cost of production. This is the position. Potato is a perishable commodity; it has not got what is called 'keeping quality'. Unfortunately our scientists have not so far been able to develop that breed or variety of potato which can be kept for a long time, which will not perish quickly. Since it is a perishable commodity its price is very low.

So far as construction of cold storage is concerned, it benefits only big farmers who can afford to keep their potatoes; it does not benefit the small farmers: they do not have the retaining capacity; they get loans from co-operative societies, banks, etc. to invest in potato production. What happens is, immediately after harvest, they sell the produce to pay off the loan. It is exeremely difficult for them to keep their potatoes in cold storage. Also they have

[Shri Nityananda Misra]

to incur the rent for the cold storage. Therefore I say that it is only the big farmers who benefit from the cold storage and it does not benefit the poor farmers. But there is a great scope for export of potatoes to other countries as the international price is very very high—five or six times more than it is prevalent in our country. But the growers of potato are compelled to sell their products at Rs. 50 per quintal or sometimes less than that, just after harvest. If the procurement of potato and exporting is done by a corporation which can be organised by the Central Government, the farmers will get the benefit. If it is done by the traders, the benefit will not go to the poor farmer, because the traders will always have a tendency to procure potato after one or two months of the harvest. But the farmers cannot wait for one or two months. They necessarily have to sell them quickly because of the peculiar condition and perishable nature of the commodity. The traders take advantage of purchasing potatoes at a very low price.

Sir, for everything that is produced, there is a support price. There is a support price for paddy, there is a support price for sugarcane. But there is no support price for potato. This is the only crop which supplements the other foodgrain, production of the country. If the price support is guaranteed for this commodity, it will never be liked by the traders, because they will always try to put the farmers into difficulty. Moreover, the growers will be compelled to sell potatoes because of the peculiar nature of the crop. That is the reason why, I would request the Agriculture Minister to make sufficient provision for establishing facilities for cold storage throughout the country. That will go a long way for the development of potato cultivation. At the same time there should also be a co-operation which will procure this particular commodity at a fixed price and export it so that the Government would also earn some foreign exchange. I very much appreciate the idea of starting a processing unit for potato and that processing unit should preserve potatoes so that they can be consumed at a later date. The prices of other food products are very high. The cost of potato would also be high if it is also processed. So, some sort of incentive should be given for starting processing units for potato. This would ensure remunerative price to this commodity.

The proposal for extracting alcohol from potato is also a very good suggestion. This is already being done in some foreign countries. We can also start doing this in our country and it will be a source of foreign exchange also. I would suggest that the Agriculture Minister may request the Agricultural scientists who are engaged in research, to evolve a breed which will have preserving quality so that the highly perishable character of the potato can be removed and the farmers, will not have the acute necessity of selling their product immediately after the harvest. If it can be preserved for a longer period, it can fetch more price for them.

SHRI CHITTA BASU (Barasat): Sir, I shall not take much time of the House and many of the points which I wanted to discuss have already been covered by the hon. Members. But, Sir. I am tempted to make an observation regarding certain basic issues raised by the hon. Minister himself. While he was replying to a Calling Attention Motion in the other House, he made a statement—and it is a very good statement, I would say, at the very outset. In the statement, he explained the Government of India's policy about the remunerative prices. I quote:

"It is one of the primary objectives of the agricultural prices policy....

MR. DEPUTY-SPEAKER: You cannot quote from the proceedings of the other House.

SHRI CHITTA BASU: This is the statement which he made regarding this very subject.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can give a gist of that, but cannot quote the proceedings.

RAO BIRENDRA SINGH: If you talk of the proceedings of the other House, why discuss it here?

SHRI CHITTA BASU: Anyway, he made a policy statement in the other House. It is a policy statement whether he makes it in this House, the other House or any other place. I would not quote from that, but he said that the agricultural prices policy of the Government is to secure remunerative prices for the Agriculturists. Then, he went on to say that that was the basic policy, and agriculture was the mother industry of our country, and unless we followed that policy, there could not be the overall development of our country. That is the sum and substance of that statement.

So far as this policy statement is concerned, I am in complete agreement with him, but the whole difficulty is that it is not being implemented, and the policy pursued by the Government in the matter of fixing the remunerative prices for agricultural produce does not reflect that.

Now, coming specifically to the question of potato, failure of the Government in this respect once again is reflected. If the Government is really sincere in implementing the agricultural prices policy that the hon. Minister was pleased to announce, certain basic thinking is necessary, certain revision of their thinking is necessary.

I would like to draw the attention of the hon. Minister to one point specifically. Have you ever analysed the trend of price increased of the agricultural inputs and the agricultural outputs? If you have analysed it, you will agree with me that there has been a great disparity between the prices of agricultural inputs and agricultural outputs. I have analysed it myself and I would like to quote from my own analysis:

> "After analysing the price trends of the agricultural inputs and outputs, during the period 1970-71 to 1976-77, it is evident that while the increase in the prices of the agricultural inputs (fertilisers, power, seed etc.) has ranged between 53 and 133 per cent, and may safely be presumed to average at 75—80 per cent, the increase in the agricultural output has ranged between 27 to 100 per cent and may safely be presumed to average at 35 to 40 per cent."

Thus, there is a gap. Unless there is some kind of parity between the agricultural in puts and outputs, the policy that he had announced is not going to be implemented and cannot be implemented.

I would now like to make my second point and I hope, he will agree with me; even if he does not agree, I am sure, the House will agree with me. This is with regard to the term of trade between agriculture and industry. As a matter of fact, the term of trade between agriculture and industry has always been unfavourable for agriculture, as I explained earlier. According to Government statistics, the index figure of the agricultural produces which is sold by peasants is 204, while the index figure of industrial products which the peasants buy was 294 in July, 1980. This is in relation to the figure available in July 1980. Therefore, there is a disparity. This disparity has to be removed. And if you cannot remove this disparity cent-per-cent, at least this gap has to be minimised. Therefore, if you really mean to implement what you have enunciated, these two basic economic factors are to be taken note of. My charge against the Government is that these two basic economic factors are not being taken into consideration.

**19.00 hrs.**

My suggestion to the Government is that there should be a remunerative

[Shri Chitta Basu]

price for all agricultural commodities. And in the matter of calculating and fixing up the remunerative price there should be a competent authority and not the APC, which is anti-peasants. This is the mild remark I can make about it. Therefore, I say there should be another price stabilisation machinery as was suggested by the Ashoka Mehta Inquiry Committee Report that there should be a Price stabilization organisation which will take into consideration the price of the inputs of the agricultural produces and price of the agricultural output also keeping in view the cost of living index. So, there should be a general price stabilization policy which will take into account the price rise in all respects. And on the basis of that the Price stabilisation organisation—if you like to set up such an organisation—should make an endeavour to fix up the statutory minimum price of the agricultural output.

And in the matter of fixing that minimum statutory price of the agricultural output, the following elements are to be taken into account viz. the cost of producion, transportation cost, reasonable profit—I do not say a big profit margin, but reasonable profit—and lastly, the risk element. If you take these four elements into consideration and then fix up a statutory minimum price of the agricultural output and at the same time create certain government agencies or co-operative agencies to purchase those agricultural outputs at the fixed price then and only then, the policy which you have enunciated can be given an effect to.

Therefore, while taking advantage of this discussion, I want that the Government should give a thought to this idea. And if the Government is really interested to protect the interests of the agriculturists, they have got on alternative but to have a policy on these lines.

PROF N. G. RANGA: This is what has been propagated by me for the last 35 years and nothing has been done till now.

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT AND CIVIL SUPPLIES (RAO BIRENDRA SINGH): Sir, I am thankful to Prof. Dandavate for raising a discussion on the problems that potato growers are facing, particularly in U.P. Hon. Members from both sides have shown very deep interest in measures which they have suggested, should be taken by the Government to protect the interests of the farmers.

Potato is one of our most important agricultural crops. But unfortunately this is one of the vegetable crops, which has a longer shelf life than many other vegetables and fruits.

We have always been conscious that production levels achieved should not only be stabilized, but we should always aim at increased production, in all agricultural products.

As hon. Members know, there has been a major break-through in the matter of potato cultivation and production. Very good variety of seeds has been developed by our internationally-famed agricultural scientists in our Potato Research Institute; and it is only on account of this research and development of good varieties of potatoes that the yield per acre has gone up in the country. The total production has jumped up to 4 to 5 times in the case of potatoes within the last 10 or 15 years. And it is on account of the policies that Governmen has been pursuing, viz. to try and give remunerative prices to farmers for all their produce, that the area under potato cultivation has been increased.

During that last years also, there has been a substantial increase. In 1975-76 we had 6.22 lakh hectares under potato cultivation. The production was 73 lakh tonnes; but in the

year 1980-81, there was an increase of more than one lakh hectares under potato. The cultivation of potato was in 7.32 lakh hectares; and the production went up to 95.98 lakh tonnes or roughly 96 lakh tonnes. This year, we hope to achieve the biggest ever production in potato. We hope to get about 105 to 106 lakh tonnes.

There has been some problem in U.P. on account of glut in the market. There are other areas; there are many other States which produce, viz. West Bengal, Assam, Haryana, Punjab Himachal Pradesh and Madhya Pradesh. Karnataka also produces some quantity.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Tamil Nadu also.

RAO BIRENDRA SINGH: Every State produces it. This is such a popular and delicious vegetable; and all climates are suitable to potato, some time or the other during the year.

There is no dispute in principle, about adopting the measures which hon. Members have suggested. We agree that there is need to increase production of this crop. It should not be allowed to go down. We also know that the best incentive for increased production is remunerative price. Government has been following his policy. We know that without this, farmers canont be expected to sustain this level of production. They must have profits in cultivation; otherwise, why should they continue in this most tedious profession?. And at the same time, I agree that this is probably a profession which has the least margin of profit, compared to the industry that the farmer puts in.

We also agree that there are certain areas which need to be particularly looked into, if potatoes growers have to be saved from losses which hey might incur if prices do not pick up. It is true that U.P. produces about 50 per cent of the total production of potatoes in the country; and even in that State. Farrukhabad is a district which produces between 20 and 25 per cent of the total production in U.P. Therefore, Farrukhabad has been one of the problem areas at the time of harvesting of potatoes. But we have paid attention to all the difficulties. I have been personally holding discussions with the Chief Minister. My officers have been holding discussions with the State Officials of U.P. The Agriculture Minister of U.P. has also been taking keen interest in this. Day before yesterday I had a talk with the Chief Minister while he was here. The Chief Minister of U.P. personally supervising these operations; he is taking very keen interest and is confident that he will be able to deal with this problem. I am happy to say that he realises that primarily it is the responsibility of he State Government to look after the interest of the farmers and see that wherever the Centre can provide assistance, they approach the Centre in time. U.P. has been very vigilant in this matter..

Last year also, we had experienced fairly the same problem, but without much intervention in the market, without declaring any minimum support price, only commercial purchases in some of the markets by some of the Government agencies helped the prices to stabilise. We paid special attention to movement of wagons; and it was only because of the cooperation of the Railways last year that there was no glut in the market. It is necessary that from the producing areas the crop reaches the deficit areas, because you find that the difference in prices is so much that if only potatoes go out to distant places where there is very little production. the prices will rise. Most of the potato from U.P. is now going towards north-eastern region, to Assam and Bengal, but there are other areas in the country, down south towards Bombay and

[Rao Birendra Singh]

other places where potato consumption is such that they can afford to get a large quantity of potatoes from U.P. It is only with the purpose of speeding up the movement from the market that we again approached the Railways. I am happy to say that there is no complaint even today in the House; none of the hon. Members complained that there was some difficulty in getting railway wagons There is a rake movement. As many wagons as the traders or others require and indent the Railways are prepared to give. From the broad-gauge railway station a large number of wagons are moving.

Prof. Madhu Dandavate mentioned about concessional rates. Concessional freight is also available for potatoes along with certain other things, but it is for the time being up to, I think, the end of March. We are requesting the Railway Ministry to see if they can extend this period till such time as there is some difficulty about the movement of potatoes, because potatoes digging has been delayed this time on account of weather; and may be now that the weather is clearing up there will be more of potatoes coming into the market.

I am very happy to say that Farrukhabad does not have much problem any longer. This was one of the largest producing areas. In Farrukhabad the prices now range between Rs. 52 and Rs. 56 for good quality potatoes, and I think this is a fair price for the farmers, though for the *Desi* variety, the prices are lower. But naturally, the prices for the inferior varieties cannot be expected to be at the same level as for good varieties like Chandramukhi or the Military Special, and other highly developed varieties. There are certain districts which some hon. Members mentioned, Budaun, Meerut and Bareilly, to which we are now trying to pay more attention. We had earlier arranged that the Pradeshik Co-operative Federation would make purchases in the markets for the NAFED and NCCF. The Chairman Mr. Tapeshwar Singh is sitting here. Some purchases were made. But I must admit that we were not satisfied with the quantities purchased both by NAFED and by PCF on behalf of NAFED and also for NCCF, Now, we have discussed the matter with these agencies, NAFED and NCCF and they have now provided funds to the Pradeshik Co-operative Federation for entering the market on behalf of NAFED and NCCF. They would be purchasing potatoes. PCF would purchase 150 tonnes daily for NAFED and 100 tonnes daily for NCCF and they will themselves be purchasing 100 tonnes of potatoes every day till such time as it is needed. We hope that with this intervention there will be no slump in prices in the market.

Railway wagons, as I have already said, are available. If hon. Members are interested in figures, I can give. In Uttar Pradesh alone on broad gauge line, from December to February and then up to 14th March 2,827 wagons were loaded. There is an outstanding demand for only 413 wagons. We are looking after that. In Farrukhabad alone up to 14th of March as many as 2,217 wagons were provided. This was for broad gauge.

On metre gauge 2,365 wagons were loaded only in Farrukhabad district alone. There is some outstanding demand for the metre gauge, but there are difficulties in movement by metre gauge. particularly because the transportation has to be to distant areas in the North-Eastern region. Similarly, in other parts of the country, in Punjab and Haryana, the Railways have been providing wagons according to the demand. There was a complaint that wagons were surrendered and hon. Members have expressed some suspicion that,

may be, it was because the traders wanted to push down the prices and they were intentionally and deliberately trying to surrender wagons and are not moving enough potatoes from the markets. I do not think that there is much room for such doubt, because the traders always make purchases. That is admitted, but in spite of that, it is only through the season that they get Railway wagons freely and at concessional rates. Therefore they would only be interested in purchasing and moving out as much as they can. May be they make registration for wagons in more than one place, not knowing at which station they would get the wagons. Once they get wagons from one particular stations for loading, they surrender their demand for other places. That might have been the reason for the surrender, but this has created no problems.

Hon. members mentioned about long-term measures, particularly export arrangement. That is a very good and sound suggestion, but there are difficulties. In fact, we have not been able to find much export market for potatoes in the past. Last year exports were very small. The year before that we could export only 46 tonnes. This is being explored. I have personally requested my colleague, the Commerce Minister, that he should ask his department to explore the possibilities and to find markets. As I understand the international prices of potatoes as at present are very low. It is only 80 US dollars per Metric tonne f.o.b. Considering the rate which, we want to give to the farmer, there is bound to be a very loss to our agencies. There is no outside market for potatoes at this stage. As I said, the international price is $ 80 a metric tonne. It will be f.o.b. Rs. 72 Rs. 73 or Rs. 74 per quintal, I did not exactly calculate. But purchasing at the rate of Rs. 50, 55 or 60 and transporting it to the port and putting it on the ship, it is not economical. It is not feasible.

Then comes the question of processing. I agree we should be able to process it, if we want to utilise this very large quantity of potatoes for consumption within the country or export. I have already mentioned the difficulties about export. If the prices of potatoes are so low in the international market, naturally even if it is processed, it would not have a ready market outside. In our own country, also, there are certain limitations because potato is one vegetable which is available fresh in the country throughout the year fresh. People naturally prefer fresh vegetables. Our climatic conditions are such that there are several crops of potatoes in the same area in the same field. In different areas in the country, there are different timings for the crop, with the result that potatoes are available quite fresh all the year round. It has got a good shelf life also. Its keeping quality is better than other vegetables. In cold storage, it can be preserved for six months easily and supplied to the market as fresh vegetable. We are still thinking about it and research is going on Prof. Dandavate and some others mentioned about manufacture of alcohol. I understand there was a proposal for setting up a Vodka plant in U.P. three or four years ago in 1976 or 1977; may be during the Janata regime. On closer study it was not found feasible and the proposal was given up. Again there was a very large plant set up in Ghaziabad...

PROF. MADHU DANDAVATE: I think it was in 1976. When Shri Morarji Desai became Prime Minister it was withdrawn.

RAO BIRENDRA SINGH: May be that you are partly responsible for it. The dehydration plant at Gaziabad also has not worked. It has been closed down perhaps, it was not found an economical proposition. These are the limitations. But then we are encouraging farmers to process their

[Rao Birendra Singh]

own potatoes. We are encouraging the use of solar energy, solar driers which can be cheaper. They do not require power. Farmers are being taught the use of them. Our research institutes are trying to manufacture smaller models for farmers and larger models also. That is receiving our attention.

Then remains the big question of storage. This has been mentioned by all the speakers. Cold storage is most essential if we have to look after our potato production. I am happy to say that we are not so badly off. Already we have more than 38 lakh tonnes of capacity in the country. In U.P. itself within the last one year, it has been increased by two lakh tonnes.

PROF. MADHU DANDAVATE: Potato should be kept in cold storage. not the remunerative prices.

RAO BIRENDRA SINGH: Remunerative prices. are a must. I entirely agree with you.

SHRI CHITTA BASU: But you will not implement it.

RAO BIRENDRA SINGH: It is very difficult to convince you.

In U.P. alone the capacity of cold storage is 17 lakh tonnes now. It has gone up from 15 lakh tonnes to 17 lakh tonnes.

About the World Bank project through NCDC which was mentioned by Prof. Dandavate, that is also being implemented. Out of that, about 66 cold stores are under construction. Six have been completed recently in U.P. And 127 farmers' cooperative cold stores are to be set up by the year 1983-84 and they will be in the States of U.P., West Bengal, Madhya Pradesh, Haryana, Punjab and Bihar.

श्री राम बिलास पासवान : कोल्ड स्टोरेज तो ठीक है, लेकिन बिजली के बिना तो वहां भी आलू सड जाता है।

RAO BIRENDRA SINGH: I quite agree with you. This was mentioned by Prof. Dandavate also. This is a very serious problem. Sometimes, the farmers are put to great loss. I am not very sure whether there is any compulsion on the part of the cold storage owners to insure the potatoes which are kept there. Whether they are in a position to pay the farmers through insurance if there is deterioration of their stock, I am looking into that question. We are tring to persuade the States and their Electricity Boards to see that the power supply to cold stores is maintained regularly. May be that there are deficiencies on the part of the State Electricity Boards in some places. One way out would be to see that all cold stores are required to get insurance so that they can compensate the farmers.

There was an attack on APC by the hon. Members but the APC fortunately is not in the picture for the purposes of fixing the price of potatoes because we ourselves have not yet been able to decide as to what to do with fresh fruits & vegetables. The production is very large in the country and we are unable to process even one per cent of the total production of fruits and vegetables in our country. The vegetable production alone would be about 300 lakh tonnes in India, but whatever we can keep as buffer stock we purchase and the APC is generally required to give its recommendations for foodgrains and certain other crops, but for fruits and vegetables we are thinking of some other measures. Hon. Members would perhaps know that under the Prime Minister's direction a Group was set up under Dr. Swaminathan last year and they sumbitted their Report. The Government is still considering the Report. we want to see whether a national level corporation could be set up or some Federations in the States could be set up or a coopera-

tive organisation could be used for marketing of fresh vegetables and fruits so that the farmers get their due and the middlemen are not allowed to exploit the market conditions.

PROF. N. G. RANGA: There is the question of time factor, we will have to come to decisions quickly.

RAO BIRENDRA SINGH: As soon as we find that something is feasible, certainly a decision will be taken without loss of time.

Sir, the A.P.C. as I said is only an advisory body and it is only when we ask the APC to recommend prices for something, they will make the recommendations and the Government is not bound by the recommendations of the A.P.C. and we always take into consideration the views of the State Governments and also those of the hon. Members of Parliament and other experts before taking a decision on anything which the APC has recommended.

PROF. N. G. RANGA: There is need for representation of agricultural labour.

PROF. MADHU DANDAVATE: Why should potato be kept out of the purview of the A.P.C.?

RAO BIRENDRA SINGH: Because once we decide to guarantee purchase of potatoes at a minimum support price, we are bound to buy all the surplus potatoes, whatever is marketed, like the foodgrains and I would not know what to do with all the potatoes if all of that has to be purchased. That is one of the limitations as regards fruits and vegetables, but we are encouraging setting up of processing plants in respect of fruits and vegetables and we shall freely issue licences to anybody who wants to come up for processing of fruits and vegetables in this country. That is all I can promise.

श्री राम विलास पासवान: उद्योग में जो कोई ग्रधिक उत्पादन करता है उसको ग्राप बोनस देते हैं। किसान ग्रधिक उत्पादन करे तो उसको भी बोनस देने की ग्राप व्यवस्था करेंगे ?

राव बीरेन्द्र सिंह: उत्पादन को खरीद कर ग्रच्छी कीमत देने का तो पहले कर दें, बोनस की बात तो बाद में ग्राती है। जितना पैदा होता है उसका बन्दोवस्त करने की बात तो करें। हां जो ज्यादा उत्पादन करते हैं, उनको उपाधि देते हैं, इनाम देते हैं, कृषि पंडित की उपाधि उसको देते हैं।

Sir, export of potatoes is on Open General Licence. We welcome any exporters who can arrange to export potatoes and other fruits and vegetables to other places in the world if they can find the market, but as I said the Government is already conscious of the need and we are trying to see where we can create a market not only for potatoes, but also for other fruits and vegetables which this country produces in large quantities and which it has the capacity to produce several times more. There are suggestions from hon. Members about export subsiddies and other things and fixation of charges for cold storage so that farmers are not exploited. I have taken not of all these points. We are constantly exercising our minds as to how we could provide further protection to farmers.

In regard to disparity in input and output, reference has been made by my friend Shri Chitta Basu. It is for the first time that the Government as soon as it took over in 1980 declared its policy which was a very major change in policy and terms of trade will be taken into account while fixing prices for agricultural produce.

PROF. MADHU DANDAVATE: You were the input and we were the output.

RAO BIRENDRA SINGH: I do not claim that we have been able to bring out complete parity. Some disparities exist.

SHRI CHITTA BASU: Disparities have increased.

PROF. MADHU DANDAVATE: We have been trying to rectify from year to year. We have to see how we can reduce the prices of certain inputs. We are also conscious of the fact that the prices of fertilisers had to be put up. All these things are under Government's consideration.

Himachal Pradesh has special difficulties about transport. In fact all the hilly areas have...

MR. DEPUTY-SPEAKER: He wants railway line first.

RAO BIRENDRA SINGH: Certain areas have special difficulties and they have double difficulties. When they get something for consumption, the transport costs are high even for salt and foodgrains. They have to pay much higher price for what they consume. When they produce something, probably it does not find the way out because of transport cost. Our hilly areas are receiving special attention.

There are special programmes for the hilly areas development which Government has adopted and these areas are being opened up steadily.

Shri Maitra is not here. He said there was no benefit from the Centre of Potato Research Institute. I am surprised to hear this. This is one of the institutions which has gained world renown. Disease free seeds have been produced. They have also shown that this potato seed-disease resistant seed-can even be produced in the plains. This has rendered very valuable service to the country and to the farmers of the country. I want to remove this impression which some hon. Members seem to have.

I have dealt with all the points.

**19.38 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, March 17 1982/Phalguna 26, 1903 (Saka).*

GMGIPND—M—4086LS